# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**11.08.2024** **1945 बजे**

**" मुख्य समाचार"**

- पड़ोसी राज्य पंजाब में एक वाहन के बाढ़ की चपेट में आने से ऊना ज़िले के 9 लोगों की मौत– दो अन्य लापता।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जारी की खेती और बागवानी फसलों की 109 उन्नत किस्में– किसानों की आय बढ़ाने में मिलेगी मदद।
- प्रदेश सरकार सिरमौर ज़िले के पच्छाद क्षेत्र में स्थापित करेगी राज्यस्तरीय आदर्श नशा मुक्ति व पुनर्वास केन्द्र।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने पीलिया के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए सरकार को प्रभावी कदम उठाने की दी सलाह।

**ऊना हादसा**

हिमाचल प्रदेश के साथ लगते पंजाब राज्य के जेजों क्षेत्र में आज एक वाहन के बाढ़ की चपेट में आ जाने से ऊना ज़िले के 9 लोगों की मृत्यु हो गई। ये सभी लोग ऊना के देहलां क्षेत्र के रहने वाले थे और शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इस हादसे में एक व्यक्ति को बचा लिया गया है जबकि दो अन्य लोग लापता बताए जा रहे हैं और इनकी तलाश जारी है। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने इस घटना पर दुख जताते हुए शोक संतप्त परिजनों से गहरी संवेदना जताई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी और इस संबंध में ऊना ज़िला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। दूसरी ओर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने भी हादसे में 9 लोगों की मृत्यु पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि वे स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हैं और दुर्घटना की स्थिति का जायज़ा ले रहे हैं। अनुराग सिंह ठाकुर के अनुसार स्थानीय प्रशासन पूरी तत्परता से राहत व बचाव कार्यों में लगा हुआ है। ज़िले में हुए एक अन्य हादसे में हरोली क्षेत्र के बाथू बाथड़ी में बाढ़ की चपेट में आ जाने से 3 लोगों की मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य लापता है।

इस बीच, ऊना के उपायुक्त जतिन लाल ने आज ज़िले के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायज़ा लिया। उन्होंने बताया कि ज़िले में बाढ़ के कारण बिजली के 3 सौ 35 ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं और 11 सड़कें बंद हो गई हैं। इसके अलावा बाढ़ के कारण जल आपूर्ति और सिंचाई योजनाओं को भी क्षति पहुंची है। इनमें से अधिकांश योजनाओं को आज देर शाम तक जबकि शेष योजनाओं को कल तक बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जलभराव के कारण औद्योगिक इकाईयों और रिहायशी इलाकों में भी मकानों को क्षति पहुंची है।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में उच्च पैदावार, जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त वाली फसलों की एक सौ 9 किस्में जारी की। ये किस्में 61 फसलों की हैं, जिनमें 34 खेती और 27 बागवानी फसलें हैं। बागवानी फसलों में फल, सब्जी, कंदमूल, मसाले, फूल और औषधि पौधों के बीज शामिल हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा कि नई फसल किस्मों से कृषि में मूल्यवर्धन होगा। उन्होंने मोटे अनाज का भी उल्लेख किया और कहा कि वर्तमान में लोग पोषक खानपान की ओर आकर्षित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक खेती के फायदों की चर्चा करते हुए कहा कि आम जनता का जैविक कृषि पर भरोसा बढ़ रहा है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि कृषि विज्ञान केन्द्रों को नई किस्मों के बारे में किसानों को जानकारी देने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। वहीं केन्द्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि नई फसल किस्मों से किसानों की आय बढ़ने सहित पैदावार में इज़ाफा होगा और खेती की लागत घटेगी।

**शहीद**

सिरमौर जिले के राजगढ़ क्षेत्र से संबंध रखने वाले लांस नायक प्रवीण शर्मा बीते कल जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में ऑपरेशन रक्षक के दौरान शहीद हो गए। वे वन पैरा स्पेशल फोर्स में तैनात थे। शहीद प्रवीण शर्मा की पार्थिव देह कल सुबह चंडीगढ़ पहुंचेगी। जहां से पार्थिव देह को पैतृक गांव लाने के लिए सिरमौर प्रशासन द्वारा ऐम्बूलैंस का प्रबंध किया गया है। शहीद प्रवीण शर्मा का कल सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने लांस नायक

प्रवीण शर्मा की शहादत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने भी प्रवीण शर्मा की शहादत पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि देश की रक्षा में उनका सर्वोच्च बलिदान हमेशा अविस्मरणीय रहेगा।

**नशा मुक्ति केन्द्र**

प्रदेश सरकार सिरमौर जिले में पच्छाद उपमंडल के कोटला बड़ोग में राज्यस्तरीय आदर्श नशा मुक्ति व पुर्नवास केन्द्र स्थापित करेगी। ये केन्द्र मादक पदार्थों की लत से जूझ रहे लोगों की मदद करेगा जिससे उन्हें समाज में फिर से एक खुशहाल व स्वस्थ जीवन जीने में मद्द मिलेगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि इस नशा मुक्ति केन्द्र में 100 बिस्तरों की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस केन्द्र का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को नशे से दूर रखना और राष्ट्र निर्माण में उनका सकारात्मक योगदान सुनिश्चित करना है। नशे से निपटने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं को मादक पदार्थों के खतरे के बारे में जागरूक करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

**मछली उत्पादन**

प्रदेश में वर्ष 2022—23 के दौरान 21 हजार मिट्रिक टन मछली उत्पादन हुआ है। मत्स्य पालन विभाग द्वारा मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राज्य में करीब 22 करोड़ 66 लाख रूपए की विभिन्न परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकार के प्रयासों से मत्स्य पालन के क्षेत्र में प्रदेश के 6 सौ 82 युवाओं के लिए स्वरोजगार के द्वार खुले है। विभाग द्वारा जनजातीय क्षेत्रों के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 3 करोड़ रूपए से अधिक राशि की विभिन्न योजनाएं लागू की गई हैं। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू की वर्ष 2024—25 के बजट भाषण की संकल्पना के तहत मत्स्य क्षेत्र को विस्तार देने के उद्देश्य से 25 हैक्टेयर क्षेत्र में नए तालाब निर्मित किए गए हैं।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रदेश में बढ़ रहे पीलिया के प्रकोप को रोकने के लिए सरकार को प्रभावी कदम उठाने की सलाह दी है। एक बयान में उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का बिल वसूलने जा रही है लेकिन पानी की गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मंडी में पीलिया एक महामारी की तरह फैल रहा है और सैंकड़ों लोग अस्पताल में भर्ती हैं। इनमें से अब तक 6 लोगों की मृत्यु हो

चुकी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि पीलिया के बढ़ते मामलों की सरकार को ज़िम्मेदारी लेनी होगी क्योंकि पेयजल आपूर्ति में किसी न किसी प्रकार की खामी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार केवल सुविधाएं छीनने और महंगाई बढ़ाने का काम कर रही है और सरकार को जनसुविधाओं से कोई लेना–देना नहीं है।

**हर घर तिरंगा**

प्रदेश में 15 अगस्त तक चलने वाला हर घर तिरंगा अभियान आज से शुरू हो गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय से इस अभियान की शुरूआत की। पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश व प्रदेशभर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि इस अभियान के दौरान भाजपा करीब 8 हजार बूथों पर 4 लाख भारतीय झंडे लगाने जा रही है, और इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान से नई पीढ़ी के साथ–साथ सभी आयुवर्ग के लोगों में देश व राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़ेगा।

**खेलकूद**

सोलन ज़िले के अर्की में 14 वर्ष से कम आयुवर्ग के खिलाड़ियों की खेल प्रतियोगिता का मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने आज शुभारम्भ किया। इस प्रतियोगिता में 18 स्कूलों के 2 सौ से अधिक खिलाड़ी विभिन्न खेल स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं। संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को बेहतर खेल अधोसंरचना और प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने हिमाचल को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी से प्रदेश सरकार के प्रयासों में अपना सहयोग देने का आह्वान भी किया।

इस बीच, उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कांगड़ा ज़िले में शाहपुर के कल्याड़ा में आज नवनिर्मित इंडोर खेल भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि 3 करोड़ रूपए की लागत से बन रहे इस भवन का जल्द लोकार्पण किया जाएगा।

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है और कई स्थानों पर रूक–रूक कर वर्षा का क्रम जारी है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। पिछले कुछ दिनों से लगातार हो

रही वर्षा के चलते नदी–नालों का जलस्तर बढ़ा हुआ है और जगह–जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। मौसम विभाग ने 16 अगस्त तक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए नदी–नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से लोगों को दूर रहने की सलाह दी है।

**मुख्य समाचार**

- पड़ोसी राज्य पंजाब में एक वाहन के बाढ़ की चपेट में आने से ऊना ज़िले के 9 लोगों की मौत– दो अन्य लापता।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जारी की खेती और बागवानी फसलों की 109 उन्नत किस्में– किसानों की आय बढ़ाने में मिलेगी मदद।
- प्रदेश सरकार सिरमौर ज़िले के पच्छाद क्षेत्र में स्थापित करेगी राज्यस्तरीय आदर्श नशा मुक्ति व पुनर्वास केन्द्र।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने पीलिया के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए सरकार को प्रभावी कदम उठाने की दी सलाह।